**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 13.08.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना मटौंध पुलिस टीम द्वारा घर से नाराज होकर गए 13 वर्षीय बच्चे का पता लगाकर परिजनों को सकुशल किया गया सुपुर्द ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना मटौंध पुलिस टीम द्वारा घर से नाराज होकर गए 13 वर्षीय बच्चे का पता लगाकर परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया । गौरतलब हो कि आज दिनांक 13.08.2026 को थाना मटौंध क्षेत्र के रहने वाले सफीक द्वारा सूचना दी कि उसका 13 वर्षीय बच्चा घर से नाराज होकर कहीं चला गया है । पुलिस द्वारा तत्काल टीमों का गठन करते हुए सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय लोगों से पूछताछ व मुखविर तंत्र को सक्रीय करते हुए बच्चे को खैरादा चौराहा मंडी के पास से सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया । पुलिस द्वारा परिजनों को समझाया गया कि बच्चों को डांटने या कठोर व्यवहार करने के बजाय उन्हें प्यार एवं समझदारी से समझाए तथा उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुने जिससे कि वे अपनी समस्याएं परिवार के साथ सहजता से साझा कर सकें । साथ ही, भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए बच्चे के साथ स्नेहपूर्ण एवं सकारात्मक व्यवहार करने की हिदायत दी गई । परिजनों पुलिस टीम की सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया ।

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. म0उ0नि सुश्री रक्षा देवी थाना मटौंध
2. का0 पुष्पेन्द्र सिंह
3. कां0 रोशन सिंह